Publication: Deshbandhu
Date: 15/12/2016
Edition: Delhi
Page No: 4
Headline: Delhi Public School Noida Wins TCS IT Wiz 2016

दिल्ली पब्लिक स्कूल व नोएडा ने जीता खिताब

नई दिल्ली। डीपीएस नोएडा के पार्थ धर और प्रणव धर ने देश के सबसे बड़े इंटर-स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज़ के नेशनल फाइनल्स की शानदार ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल्स में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला, ग्रैंड फिनाले में चैंपियनशिप का खिताब जीतने के लिए 8 शहरों से आई आठ शानदार टीम ने हिस्सा लिया। नेशनल फाइनल्स का आयोजन एक प्रमुख आईटी सेवा, कंसल्टिंग और बिजनेस सॉल्यूशंस फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 11 दिसंबर, 2016 को मुंबई में ताज लैंड्स एंड में किया गया। इस वर्ष इस मुकाबले में पूरे देश के 1,328 स्कूलों से कक्षा 8 से 12 के करीब 15,000 छात्रों ने क्षेत्रीय स्तर पर हिस्सा लिया। टीसीएस आईटी विज के क्षेत्रीय संस्करणों का आयोजन इस वर्श अगस्त-नवंबर के बीच अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे और विशाखापत्तनम जैसी 15 जगहों पर आयोजित किया गया।